ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ

ಬೆಂಗಳೂರು ದಕ್ಷಿಣ ಜಿಲ್ಲೆ

ಹಾಗೂ

ಜಿಲ್ಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಮತ್ತು ತರಬೇತಿ ಸಂಸ್ಥೆ
(ಡಯಟ್)

ಬೆಂಗಳೂರು ನಗರ ಜಿಲ್ಲೆ. .

ರಾಜರಾಜೇಶ್ವರಿ ನಗರ.

10ನೇ ತರಗತಿಯ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗಾಗಿ ತೃತೀಯ

ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ ವಿಷಯದ ಪ್ರಶ್ನಾ ಕೋಠಿ

**2024–25**

**10 ನೇ ತರಗತಿಯ ಫಲಿತಾಂಶ ಉತ್ತಮ ಪಡಿಸಲುತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ ವಿಷಯದ ಪ್ರಶ್ನಾ ಕೋಠಿ ತಯಾರಿಕೆ**

ಸಲಹೆ ಮತ್ತು ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ

**ಶ್ರೀ ಶಿವಪ್ಪ**
**ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರು ಹಾಗೂ ಪದನಿಮಿತ್ತ.**
**ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು ಅಭಿವೃದ್ಧಿ (ಡಯಟ್)**
**ಬೆಂಗಳೂರು ನಗರ ಜಿಲ್ಲೆ**

**ಪರಿಕಲ್ಪನೆ ಮತ್ತು ಸಹಕಾರ**

ಶ್ರೀಮತಿ.ಶ್ರೀದೇವಿ ಡಿ.ಎ
ಹಿರಿಯ ಉಪನ್ಯಾಸಕರು (ಡಯಟ್)
ಬೆಂಗಳೂರು ದಕ್ಷಿಣ ಜಿಲ್ಲೆ.

ಶ್ರೀಮತಿ ಉಮಾ
ಉಪನ್ಯಾಸಕರು (ಡಯಟ್)
ಬೆಂಗಳೂರು ದಕ್ಷಿಣ ಜಿಲ್ಲೆ.

## ಸಂಪನ್ಮೂಲ ಶಿಕ್ಷಕರ ತಂಡ

| | |
|---|---|
| 1 | ಶ್ರೀ ಮಹೇಶ್ ಪಾಟೀಲ್. ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕರು ಒಕ್ಕಲಿಗರ ಸಂಘ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಬೆ.ದ.ವ–1 |
| 2 | ಶ್ರೀ ಜಗದೀಶ್ ಟಿ.ಆರ್.ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕರು ಕರ್ನಾಟಕ ಪಬ್ಲಿಕ್ ಶಾಲೆ ಮಾರೇನಹಳ್ಳಿ. ವಿಜಯನಗರ ಬೆ.ದ.ವ–2 |
| 3 | ಶ್ರೀಮತಿ ಪೂರ್ಣಿಮಾ ಹಂದೆ ಪ್ರಭಾರಿ ಮುಖ್ಯಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ದೊಡ್ಡೇರಿ ಬೆ.ದ.ವ–1 |
| 4 | ಶ್ರೀಮತಿ ಅನ್ನಪೂರ್ಣ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಸಾರಕ್ಕಿ ಬೆ.ದ.ವ–1 |
| 5 | ಶ್ರೀಮತಿ ಪವಿತ್ರ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಬಿ.ನಾರಾಯಣಪುರ ಬೆ.ದ.ವ–4 |
| 6 | ಶ್ರೀಮತಿ ಸುನೀತ ಡಿ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಸಬ್‌ಮಂಗಲ ಆನೇಕಲ್ ತಾಲ್ಲೂಕು ಬೆ.ದ.ಜಿಲ್ಲೆ |
| 7 | ಶ್ರೀಮತಿ ಜಗದಾಂಬ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಗೋರಿಪಾಳ್ಯ ಬೆ.ದ.ವ–2 |
| 8 | ಶ್ರೀಮತಿ ಸರೋಜಮ್ಮ ಡಿ.ಸಿ. ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಬಾಲಕಿಯರ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಆನೇಕಲ್ ತಾ. ಬೆ.ದ.ಜಿಲ್ಲೆ |
| 9 | ಶ್ರೀಮತಿ ಸುಮಲತಾ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಯಡಿಯೂರು ಬೆ.ದ.ವ–1 |
| 10 | ಶ್ರೀ ಮೂರ್ತಿ ವಿ.ಎಲ್.ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕರು ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಉಲ್ಲಾಳ ಉಪನಗರ ಬೆ.ದ.ವ–1 |
| 11 | ಶ್ರೀ ರಾಜಗೋಪಾಲ್ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕರು ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ, ಬಿಳಿಶಿವಾಲೆ ಬೆ.ದ.ವ–3 |
| 12 | ಶ್ರೀಮತಿ ಪ್ರತಿಮಾ ಕೆ ಎಲ್‌ಡಿ ಹಿಂದಿ ಸಹಶಿಕ್ಷಕಿ ಸರ್ಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಸಬ್‌ಮಂಗಲ ಆನೇಕಲ್ ತಾಲ್ಲೂಕು ಬೆ.ದ.ಜಿಲ್ಲೆ |

# दसवीं कक्षा तृतीय भाषा हिन्दी

## विषय–वस्तु की दृष्टि से अंकभार

| विषय–वस्तु | अंक |
|---|---|
| गद्य भाग | 32 |
| पद्य भाग | 20 |
| पूरक वाचन | 04 |
| व्याकरण भाग | 08 |
| रचना भाग | 16 |
| कुल | 80 |

## प्रश्न–प्रकार की दृष्टि से अंकभार (गद्य और पूरकवाचन)

| प्रश्न प्रकार | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| अनुरूपता | 3 | 3 |
| एकवाक्य | 2 | 2 |
| दो–तीन वाक्य | 6 | 12 |
| तीन–चार वाक्य | 5 | 15 |
| पांच–छः वाक्य | 1 | 4 |
| कुल | 17 | 36 |

## प्रश्न–प्रकार की दृष्टि से अंकभार(पद्य ,व्याकरण और रचना भाग)

| प्रश्न प्रकार | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| अनुरूपता | 1 | 1 |
| एकवाक्य | 2 | 2 |
| दो–तीन वाक्य | 2 | 4 |
| तीन–चार वाक्य | 3 + 1 | 12 |
| पांच वाक्य | 1+1+1 | 12 |
| बहुविकल्प | 8 | 8 |
| दीर्घ उत्तर | 1 | 5 |
| कुल | 21 | 44 |

# पाठ–१

# कश्मीरी सेब (कहानी)

## दो–तीन–चार वाक्यों में उत्तर लिखिए

1. कश्मीरी सेब कहानी से आपको क्या सीख मिलती है?
   - कश्मीरी सेब द्वारा प्रेमचंदजी क्या संदेश देते है?
   - कश्मीरि सेब पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं?
   - प्रेमचंद जी ने खरीदारी के बारे में क्या चेतावनी दी है ?
   - उत्तर : अगर  खरीदारी करते समय सावधानी नहीं बरतें तो धोखा खाने की संभावना होती है ।
   - साथ ही बाजार में लोगों के साथ होनेवाली धोखेबाजी पर प्रकाश डाला है
   - साथ ही विटामिन और प्रोटीन के बारे में जानकारी मिलती है ।

2. सेब की हालत के बारे में लिखिए ।

उत्तर: पहला सेब सड़ा हुआ था ।
   - दूसरा सेब आधा सड़ा था ।
   - तीसरा सेब एक तरफ दबकर बिलकुल पिचक गया था ।
   - चौथा सेब यों तो बेदाग था,मगर उसमें एक काला सुराख था जैसे अक्सर बेरों में होता है ।

3. प्रेमचंद के अनुसार सेब का क्या महत्व है ?

उत्तर: रोज एक सेब खाने से डाक्टर के पास जाने की जरूरत न रहेगी ।
   - सेब केवल स्वाद की चीज नही, उसमें गुण भी हैं ।

# पाठ–२

# गिल्लू (रेखाचित्र)

4. गिल्लू महादेवी वर्मा को कैसे चौंकाता था ?
   - लेखिकाका ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?
   - वर्माजी को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ–कहाँ छिप जाता था ?
   - गिल्लू के कार्य–कलाप के बारे में लिखिए ।

उत्तर: फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में, और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिपकर महदेवी वर्मा को चौंकाता था ।

- लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से पर्दे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता था ।
- लेखिका की थाली के पास बैठकर बडी सफाई से खाना खाता था ।
- जब लेखिका लिखने बैठती तब लिफ़ाफ़े के भीतर बैठकर उनका कार्य–कलाप देखा करता था ।

5. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बाचाये ?

- गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए ।
- महादेवी वर्मा जी ने गिलहरी के बच्चे की जान कैसे बचायी ?
- गिल्लू के प्रति लेखिका अपना प्रेम कैसे प्रकट करती है ? बताइए ।

उत्तर: महादेवी वर्मा जी घायल गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लाती है।

- रूई से रक्त पोंछती है ।
- घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाती है।
- प्यार से 'गिल्लू' कहकर बुलाती है ।
- छोटे जीव गिल्लू को घर में पले कुत्ते–बिल्ल्यों से बचाती है ।
- फूल रखने की एक हल्की डलिया में घर बनाती है ।
- खाने के लिए काजू और बिस्कुट देती है ।
- गिल्लू के अंतिम दिन हीटर जलाकर उष्णता देती है।

6. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

- गिल्लू के दु:खद अंत के बारे में लिखिए ।

उत्तर: गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नही होती,

- अतः गिल्लू की जीवन–यात्रा का अंत आ ही गया ।
- दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया
- पंजे इतने ठंडे हो रहे थे, कि लेखिका हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया।
- परंतु प्रभात की प्रथम किरण के साथ गिल्लू चिर निद्रा में सो गया ।

7. लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए ।

उत्तर : गिल्लू हमेशा लेखिका के समीप रहना पसंद करता था ।

- लेखिका की गैर हाजरी में बहुत उदास रहता था ।
- तब काजू भी कम खाता था ।
- उनकी अस्वस्थता में तकिये पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हे–नन्हे पंजों से उनके सिर और बालों को हौले–हौले सहलाता था ।

# पाठ–३
# मेरा बचपन (आत्मकथा)

8. नमाज के बारे में जैनुलाबदीन क्या कहते थे ?
- जैनलाबदीन नमाज की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ?

उत्तर: नमाज़ पढने से शरीर इतर ब्रह्मांड का एक भाग बन जात है ।
- जिसमें दौलत, आयु जाति या धर्म पंथ का कोई भेद–भाव नहीं होता।

9. जैनुलाब्दीन का परिचय दीजिए ।

उत्तर: जैनुलाबदीन अब्दुल कलाम के पिता थे ।
- अच्छी औपचारीक शिक्षा नहीं हुई थी लेकिन बुद्धिमान थे ।
- धनी व्यक्ति नहीं थे पर उदार स्वभाव के थे ।
- आडंबरहीन व्यक्ति थे ।
- अनावश्यक और ऐशो–आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे ।
- नौकाएं बनाने का काम करते थे ।
- पक्षी लक्ष्मण शास्त्री के अभिन्न मित्र थे ।

10. कलाम जी को जलालुद्दीन ने नई दुनिया का बोध कैसे कराया?
- जलालुद्दीन, कलाम को किन–किन विषय के बारे में बताते थे?
- कलाम के व्यक्तित्व निर्माण में जलालुद्दीन का क्या योगदान है ? स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर: जलालुद्दीन कलाम के 'अंतरंग मित्र' बन गये थे ।
- कलाम को 'आजाद' कहकर पुकारते थे ।
- जलालुद्दीन हमेशा कलाम को शिक्षित लोगों के बारे में बताते थे।
- वे वैज्ञानिक खोजों, समकालिन साहित्य, चिकित्सा विज्ञान की उपलब्दियों के बारे में बताते थे।
- ज्ञान संबंधी इन जानकारीयों से कलाम को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया ।
- पूरे इलाके में सिर्फ जलालुद्दीन ही अंग्रेजी में लिख सकते थे ।
- जलालुद्दीन को बाहरी दुनिया का बडा ज्ञान था ।

11. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीता । कैसे?

उत्तर: अब्दुल कलाम के पिताजी आडंबरहीन व्यक्ति थे।
- उनके पिता अनावश्यक एवं ऐशो–आरामवाली चीजों से दूर रहते थे।
- परंतु घर पर सभी आवश्यक चीजें सुलभता से और समुचित मात्रा नें प्राप्त होती थीं।
- इसलिए उनका बचपन बडी निश्चिंतता और सादगी में बीता।

# पाठ–४

# बसंत की सच्चाई(एकांकी)

12. बसंत के स्वाभिमान और ईमानदारी का परिचय दीजिए।

- बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे? बताइए।
- बसंत के उत्तम गुणों का वर्णन कीजिए।
- बसंत राजकिशोर से पैसे लेने से क्यों इनकार करता है?
- बसंत की सच्चाई एकांकी मे स्वाभिमानी बसंत की ईमानदारी कैसे व्यक्त हुई है?

उत्तर: बसंत मेहनती, स्वाभिमानी, और ईमानदार लडका है।

- ➢ वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता है।
- ➢ इसलिए पं राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार करता है।
- ➢ घायल होने पर भी पंडित रजकिशोर के पैसे अपने भाई के हाथ भिजवाता है।

13. पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।

- पं राजकिशोर मानवता के सच्चे मूर्ति थे कैसे ? बताइए।
- पं राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए।
- मानवता के साकार मूर्ति पंडित राजकिशोर जी का परिचय दीजिए।
- राजकिशोर के दया गुण और सेवा भाव का वर्णन कीजिए ।

उत्तर: पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।

- ➢ किशनगंज में रहते थे।
- ➢ गरीब और मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे।
- ➢ बसंत की सहायता करने के लिए एक छलनी खरीदते हैं।
- ➢ मोटर दुर्घटना में घायल बसंत का इलाज करवाते हैं ।
- ➢ उसे अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते है ।
- ➢ परोपकारी गुण के व्यक्ति थे ।
- ➢ इस तरह पंड़ित राजकिशोर मानवता के साकार मूर्ति लगते हैं ।

# पाठ–५
# इंटरनेट क्रांति

## 14. ई–गवर्नेंस क्या है?

- ई–गवर्नेस से क्या लाभ है?
- पारदर्शी प्रशासन कैसे संभव है ?

उत्तर : सरकार के सभी कामकाज का विवरण,अभिलेख,सरकारी आदेश आदि को यथावत लोगों को सूचित किया जाता है।

- ➢ ई–गवर्नेंस से प्रशासन पारदर्शी बन सकता है।

## 15. सोशल नेटवर्किंग साईटों के कारण समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

- सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है । इस कथन का समर्थन कीजिए।

उत्तर : सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है ।

- ➢ दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है।
- ➢ फेसबुक, आरकुट, ट्विटटर, लिंकड़ाइन आदि इसके साईट्स हैं ।
- ➢ देश–विदेश के लोगों की रहन–सहन, वेश–भूषा,खान–पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का परिचय होता है ।
- ➢ शीघ्रातिशीघ्र इसका प्रभाव समाज पर पड़ता है ।

## 16. इंटरनेट सचमुच एक वरदान है । कैसे स्पष्ट कीजिए

- इंटरनेट के कारण संचार व सूचना क्षेत्र में एक नयी क्रांति आयी है । कैसे स्पष्ट कीजिए ।
- समाज के किन–किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है ?
- इंटरनेट के बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड जाते हैं । कैसे स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : इंटरनेट द्वारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है ।

- ➢ पुस्तकालय की पुस्तकों को जिसे चाहे भेज सकते हैं ।
- ➢ इसके बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं ।

## 17. "वीडियो कान्फेरेन्स " के बारे में आप क्या जानते हैं ?

- " वीडियों कान्फरेन्स " के बारे में लिखिए ।

उत्तर: " वीडियो कान्फरेन्स " द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8-10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं ।

- एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार–विनिमय कर सकते हैं ।

18. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से कैसे मदद मिलती है ?
    - इंटरनेट से क्या–क्या मदद मिलती है ?

उत्तर : इंटरनेट के द्वारा घर बैठे–बैठे खरीदारी कर सकते हैं ।
- कोई भी बिल भर सकते हैं ।
- इसके द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है ।
- इससे दूकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच जाता है ।

# पाठ–६
# इमानदारों के सम्मेलन में (व्यंग्य रचना)

19. ईमानदारों के सम्मेलन में हरिशंकर परसाई जी को क्योंआमंत्रित किया गया ?
    - परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था ?
    - आयोजकों ने परसाई जी को निमंत्रण क्यों दिया ?

उत्तर : परसाई जी देश के प्रसिद्ध ईमानदार व्यक्ति थे ।
- उन्हे ईमानदारों के सम्मेलन का उद्घाटन करने लिए बुलाया गया ।
- उनके आगमन से उदीयमान ईमानदारों को बड़ी प्रेरणा मिलती है ।

20. "ईमानदारों के सम्मेलन में " पाठ में मुख्य अतथि की बेईमानी कैसे व्यक्त हुई है ?

उत्तर : लेखक दूसरे दर्जे में सफर करके पहले दर्जे का किराया लेना चाहते थे ।
- स्वागत में मिले फूल–मालाएँ बेचकर पैसे बचाना चाहते थे ।
- सम्मेलन में उनकी चप्पलें गायब हुई, तो उन्होने दूसरों की चप्पलें पहन ली ।

21. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?
- चप्पलों की चोरी से बचने के लिए ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया ?

उत्तर : देखिए, चप्पलें एक जगह नहीं उतारनी चाहिए ।
- एक चप्पल यहाँ उतारिये, तो दूसरी दस फीट दूर । तब चप्पलें चोरी नहीं होती ।
- एक ही जगह जोड़ी होगी, तो कोई भी पहन लेगा ।

**22. परसाई जी ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय क्यों किया ?**

उत्तर : सम्मेलन में आकर परसाई जी की चप्पल,धूप का चश्मा, कम्बल, बिस्तर की चादर और ताला तक चोरी हुए ।

- इससे तंग आकर परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय किया ।

## पाठ–७

## दुनिया में पहला मकान

**23. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?**

उत्तर: लालिम और किंचा लालीदाम के मन मे मकान बनाने की इच्छा हुई ।

- मकान बनाना नही जानते थे ।
- मकान बनाने के बारे में पशु–पक्षियों से पूछ–ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पडे ।

**24. मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया ?**

उत्तर: आप लोग जरा मेरी पीठ की पटटियाँ ध्यान से देखकर फिर पेडों से से बहुत–सी पत्तियों को तोड लेना ।

- इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा देना जैसी मेरी पीठ पर पटटियाँ है ।

## पाठ–८

## रोबोट (कहानी)

**25. सक्सेना परिवार को रोबोनिल क्यों पसंद था?**

- धीरज सक्सेना बुद्धिमान रोबोट क्यों चाहते थे ?
- सक्सेना परिवार को रोबोनिल बहुत ही भा गया था । कैसे ?
- सक्सेना परिवा मे रोबोनिल क्या–क्या काम करता था ?

उत्तर: सक्सेना परिवार मे रोबोनिल सुबह का नाशता करता था ।

- मेहमानों का स्वागत करता था ।
- छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाता था ।
- बच्चों के होमवर्क करने में मदद करता था ।
- वर्ड प्रोसेसर पर सक्सेना जी का काम संभालता था ।
- सक्सेना परिवार के पालतू कुत्ते शेरू को घुमाने का काम भी करता था ।

**26. रोबोनिल साधोराम के बारे में क्यों चिंतित था ?**

उत्तर : धीरज सक्सेना साधोराम की छुटटी करनेवाले थे ।

- रोबोनिल के कारण ही साधोराम की नौकरी को आँच आ गयी थी ।
- यह रोबोनिल को किसी सूरत में मंजूर नही था ।

## पाठ–९
## महिला की साहस गाथा (व्यक्ति परिचय)

27. बिछेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?

- बिछेंद्री के परिवार का परिचय दीजिए ।

उत्तर : बिछेंद्री का जन्म साधारण परिवार में हुआ था ।

- उनके माता का नाम हंसादेई नेगी और पिता का नाम किशनपाल सिंह था ।
- वे माता–पिता के पाँच संतानों में तीसरी संतान थी ।
- बिछेंद्री को बचपन में रोज पांच किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पडता था ।
- सिलाई का काम सीख लिया और सिलाई करके पढाई का खर्च जुटाने लगी ।
- उन्होंने संस्कृत मे एम.ए तथा बी.एड तक की शिक्षा प्राप्त की ।

28. “महिला की साहस गाथा” पाठ से क्या सीख मिलती है ?

- “महिला की साहस गाथा” पाठ से क्या संदेश मिलता है ?

उत्तर: साहस गुण, दृढ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना इत्यादि आदर्श गुण सीखते हैं ।

- महिलाएँ भी साहस में पुरूषों से कम नहीं हैं ।
- “मेहनत का फल अच्छा होता है” इस उक्ति से अवगत होते है ।

29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेद्री ने क्या किया ?

उत्तर: एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेंद्री ने बर्फ पर अपने माथे को लगाया ।

- सागरमाथे के ताज का चुंबन किया ।
- अपने थैले से हनुमान चालिसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला ।
- उसे लाल कपडे में लपेटा और छोटी–सी पूजा करके उसे बर्फ में दबा दिया ।

30. दक्षिणी शिखर पर चढते समय बिछेंद्री के अनुभवों का विवरण दीजिए ।

उत्तर: दक्षिणी शिखर के ऊपर हवा की गति बढ गई थी ।

- ऊंचाई पर तेज हवा के झोंके और भुरेभुरे बर्फ के कणों को चारों तरफ उड रहे थे ।

- जिससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था उन्होंने देखा कि थोडी दूर तक कोई ऊंची चाढाई नही थी ।
- ढलान एकदम सीधी नीची चली गई है । जिससे साँस एकदम रूक सी गई थी ।
- उन्हें लगा कि सफलता बहुत नजदीक है ।
- 23 मई 1984 को दिन दोपहर के 1.07 पर एवरेस्ट की चोटी पर खडी थी ।

# पाठ–१०

# कर्नाटक संपदा (निबंध)

**31. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।**

- कर्नाटक की प्राकृतिक सुष्मा नयन मनोहर है । कैसे? बताइए
- कर्नाटक की प्राकृतिक सुष्मा का वर्णन कीजिए ।

उत्तर : कर्नाटक की प्राकृतिक सुष्मा नयन मनोहर है ।

- कर्नाटक के पश्चिम दिशा में अरबी समुद्र लहराता है ।
- इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते है ।
- कर्नाटक के पश्चिमी घाटों के कुछ भाग को सह्यादि्र कहलाते हैं ।
- कर्नाटक की दक्षिण दिशा में नीलगिरी पर्वतावलियां शोभायमान हैं ।

**32. कन्नड भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अपार है ? कैसे?**

उत्तर: वचनकार बसवण्णा, अककमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।

- पुरंदर दास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये है ।
- पंप, रन्न, पोन्न, राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है ।
- आधुनिक काल के साहित्यकार कुवेंपु, द.रा.बेंद्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि.कृ.गोकाक, यू.आर.अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड, चंद्रशेखर कंबार ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत हैं ।
- यह कन्नड भाषा, संस्कृति तथा कर्नाटक के लिए गौरव का विषय है ।

**33. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है । स्पष्ट कीजिए ।**

- कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला के बारे में आप क्या जानते हैं ? बताइए ।
- कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अदभुत है । सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : कर्नाटक के बादामी,ऐहोले,पटट्दकल्लु की शिल्पकला और वास्तुकला अदभुत है ।

- बेलूर,हलेबीड,सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।
- श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है ।

- विजयपुर के व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है ।
- मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है ।
- मैसूर का सेंट फिलोमिना चर्च और जगनमोहन राजमहल अत्यंत आकर्षणीय है ।

34. बेंगलूर की प्रसिद्ध बृहत संस्थाएँ कौन–कौन सी हैं ?

- बेंगलूर विश्वभर मों क्यों प्रसिद्ध है ? वर्णन कीजिए ।

उत्तर : बेंगलूर शिक्षा और बडे–बडे उद्योग–धंधों का केंद्र है ।

- यहाँ देश–विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।
- यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान, एच.ए.एल, एच.एम.टी, आई.टी.आई, बी.ई.एल, बी.एच.ई.एल जैसी बृहत संस्थाएँ हैं ।
- इसे "सिलिकान सिटी"भी कहते है ।

## पाठ–११
## बाल–शक्ति (लघु नाटिका)

35. गाँव को आदर्श गांव कैसे बनाया जा सकता है ?

- गाँव की सफाई के लिए बालक क्या–क्या काम करते है ?
- टोली के बच्चे गांव को कैसे सुधारते हैं ?
- 'बालशक्ति' ने कौन–कौन से कार्य करने का निश्चय किया ?

उत्तर : बाल–शक्ति टोली के बच्चे पाठशाल के परिसर को स्वच्छ रखते है ।

- गाँव की गंदगी दूर करते है ।
- गाँव मे कई गड्डे थे, उनको मिटटी से ढांप देते हैं ।
- गाँव का कूडा डालने के लिए एक निश्चित जगह बनाते है ।
- गाँव को हरा–भरा रखने के लिए गाँव के चारों तरफ पेड़–पौधे लगाते है ।

36. कलेक्टर साहब ने बच्चों की तारीफ कैसे की ?

- कलेक्टर साहब ने बच्चों की बडाई में क्या कहा ?

उत्तर : इन बच्चों की जितनी तारीफ करें, उतनी कम है ।

- इन सब ने मिलकर गाँव को स्वच्छ और सुंदर वातावरण दिया है ।
- बाल–शक्ति टोली से गाँव को एक नया जीवन प्रदान हुआ है ।
- इन्हीं के कारण गाँव "एक आदर्श गाँव" बन गया है ।

## १.शनि : सबसे सुंदर ग्रह (पूरक वाचन)

37. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?
- शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है ?
- शनि का वायुमंडल कैसा है ?
- शनि की सतह पर आदमी उतर पाना संभव नहीं है। क्यों?

उत्तर : शनि का वायुमंडल हाइड्रोजन,हीलियम मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना हुआ है ।
- ➢ शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य से नीचे 150°सेंटीग्रेड आसपास रहता है ।
- ➢ शनि के केंद्र भाग मे ठोस गुठली हो सकती है ।

38. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?

उत्तर : शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है।
- ➢ इसलिए सूर्य का ताप शनि ग्रह पर बहुत ही कम पहुँचता है ।
- ➢ शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य से नीचे 150°सेंटीग्रेड आसपास रहता है ।

39. शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । कैसे ?

उत्तर : शनि ग्रह के चारों ओर वलय दिखाई देते है।
- ➢ प्रकृति ने इसे ग्रह के गले में सुंदर हार डाल दिये है ।
- ➢ शनि के इन वलयों ने इस ग्रह को सौरमंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है ।

## २.सत्य की महिमा (पूरक वाचन)

40. सत्य क्या होता है ? और उसका रूप कैसा होता है ?
- पाठ में सत्य के स्वरूप को कैसे उजागर किया गया है ?
- सत्य की महिमा पाठ के अनुसार सत्य का स्वरूप कैसा है ?

उत्तर :"सत्य ! बहुत भोला–भाला, बहुत ही सीधा–साधा !
- ➢ जो कुछ भी अपनी आंखों से देखा, बिना नमक–मिर्च लगाए बोल दिया–यही तो सत्य है
- ➢ कितना सरल! सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है ।
- ➢ ज़ान की प्रतिलिपि है, आत्मा की वाणी है ।

41. झूठ का सहारा लेना है तो क्या-क्या सहना पडता है ?

- झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?
- झूठ बोलने का परिणाम क्या होता है ?
- झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ?

उत्तर : एक झूठ साबित करने के लिए हजारों झूठ बोलने पडते है ।

- ➢ कहीं पोल खुली, तो मुंह काला करना पडता है, अपमानित होना पडता है ।
- ➢ व्यक्तिव कुंठित होता है ।
- ➢ लोगों का उस पर विश्वास उठ जाता है ।
- ➢ उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं ।

42. महात्मा गांधी जी का सत्य शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

- सत्य के बारे में महात्मा गांधि जी का क्या विचार है ?
- सत्य के बारे में महात्मा गांधीजी की क्या धारणा है ?

उत्तर : सत्य एक विशाल वृक्ष है ।

- ➢ उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते है ।
- ➢ उनका अंत नहीं होता ।
- ➢

## ३.नागरिक के कर्तव्य(पूरक वाचन)

43. मीना मेडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

उत्तर : आज के बच्चे कल के नागरीक हैं ।

- ➢ नागरीक कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो ।
- ➢ आपके हित के साथ देश का कल्याण भी होगा ।

44. नागरीकों के कर्तव्य कौन-कौन से है ?

उत्तर : हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए ।

- ➢ देश के प्रति गौरव का भाव रखना एवं देश की एकता और अखंडता को कायम रखना चाहिए ।
- ➢ अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए ।
- ➢ देश की रक्षा के लिए कटिबद्द रहना हमारा कर्तव्य है ।

## पद्य–२
## मातृ भूमि

45. मातृ भूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

- मतृभूमि कविता में प्राकृतिक समृद्धि का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?

उत्तर :भारत के खेत हरे–भरे सुहाने है।

- भारत के वन–उपवन फल–फूलों से भरे हुए हैं
- भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है ।
- भारत माता सुख–संपति, धन–धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है ।

46. भारत माता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

- भारत माँ का स्वरूप कैसे सुशोभित है ? स्पष्ट कीजिए ।

उतर :भारत माता अमरों की जननी हैं ।

- भारत माता के हृदय में गांधी, बुद्ध और राम जैसे महान पुरूष सोये हुए है
- भारत माँ के एक हाथ में न्याय पताका, दूसरे हाथ में ज्ञान दीप हैं ।

47. कविता में मातृभीमि की विशेषताओं का वर्णन कैसे किया गया है ?

उत्तरः मातृभूमि अमरों की जननी है ।

- गांधी, बुद्ध और राम उर में शायित हैं ।
- हरे–भरे सुहाने खेत हैं ।
- फल–फूलों से भरे वन–उपवन हैं ।
- मातृभूमि के अंदर अपार खनिज–संपदा है ।
- मुक्त हस्त से सुख–संपत्ति बाँट रही है ।
- भारत माँ के एक हाथ में न्याय का पताका है ।
- दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है ।

## पद्य–२
## अभिनव मनुष्य

48. कवि दिनकर जी के अनुसार मानव क सही परिचय क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

- दिनकरजी ने अभिनव मनुष्य कविता में क्या संदेश दिया है ?
- कवि दिनकरजी के अनुसार मानव के लिए श्रेयस्कर क्या है ?

- "अभिनय मनुष्य" कविता का आशय क्या है ?

उत्तर: मानव–मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाना।

- ➢ स्वयं को पहचानना
- ➢ भाईचारे को समझना
- ➢ बुद्धि पर हृदय की जीत करना।
- ➢ मानव–मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना।

49. "प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरूष आसीन" इस पंक्ति का आशय क्या है ?

- दिनकरजी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया है?
- आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय प्राप्त की है ?वर्णन कीजिए।

उत्तर : आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर एक तत्व को अपने नियंत्रण मे कर लिया है।

- ➢ उसने जल, विद्युत, भाप ,वायु पर अपना नियंत्रण बना लिया है।
- ➢ वह नदी, समुद्र, पर्वत, को एक समान लांघ सकता है।
- ➢ उसका यान आकाश में जा रहा है।
- ➢ वह परमाणु प्रयोग भी कर रहा है।
- ➢ उसकी बौद्धिक क्षमता असीमित है।

## पद्य–३
## तुलसी के दोहे (दोहा)

50. राम नाम की महिमा के बारे में तुलसीदास क्या कहते है ?

- तुलसीदास के अनुसार राम–नाम जपने से क्या होता है ?
- राम नाम मनि दीप धरू, जीह देहरी द्वार।
  तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार॥

उत्तर: जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आंगन में प्रकाश फैलता है,

- ➢ उसी तरह राम–नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है।

51. दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया ना छांडिये , जब लग घट में प्राण ॥

उत्त: दया धर्म का मूल है और पाप का मूल अभिमान है ।

- इसलिए मनुष्य के शरीर में जब तक प्राण है, तब तक अभिमान छोडकर दयालु बनना चाहिए ।

52. मुखिया मुख सों चाहिए , खान पान को एक ।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ॥

उत्तर : मुखिया को मुख के सामान होना चाहिए ।

- क्योंकि मुख खाने–पीने का काम अकेला करता है ।
- लेकिन वह जो खाता–पीता है उससे शरीर के सारे अंगों का पालन–पोषण करता है ।
- उसी तरह मुखिया को भी विवेकवान बनकर काम अपनी तरह से करके उसका फल सभी मे बांटना है ।

53. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन–कौन है ?

- तुलसी साथी विपत्ति के विध्या विनय विवेक ।
  साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम भरोसा एक ॥

उत्तर : मनुष्य पर जब विपत्ति पडती है तब विध्या,विनय और विवेक ही उसका साथ निभाते है।

- जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यव्रत और सुकृतवान बनता है ।

## पद्य–४
## समय की पहचान

54. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

- “समय अत्यंत अनमोल है” । कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
- “ समय की पहचान “ कविता का संदेश क्या है ?
- “ समय की पहचान “ कविता का आशय क्या है ?
- “ समय की पहचान “ कविता का सारांश लिखिए ।
- मानव के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

उत्तर: समय धन से भी अनमोल है ।

- समय नष्ट नहीं करना चाहिए ।हमे मन लगाकर काम करना चाहिए ।

- सब समय सुसमय होता है ।
- इसे खो देंगे तो हमेशा के लिए पछताना पडेगा ।समय को नष्ट करने से सुख नहीं मिलता ।
- आलस्य छोडकर जो काम करना है उसे उसी समय करना चाहिए ।
- समय ईश का दिया हुआ अनुपम धन है ।
- खोया हआ समय चक्रवर्ती होकर भी वापस पा नहीं सकता ।

## पद्य–५

# सूर–श्याम (पद)

55. कृष्ण बलराम के साथ क्यों खेलना नही चाहता था ?

- बालकृष्ण अपनी मां से क्या–क्या शिकायतें करता है ?
- कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है ?
- बलराम कृष्ण के माता पिता के बारे में क्या कहता है ?

उत्तर : भाई बलराम बहुत चिढाता है ।

- बलराम कहता है “ तुम्हे मां यशोदा ने जन्म नही दिया है, बल्कि मोल लिया गया है ।
- बलराम बार–बार पूछता है कि तुम्हारे माता–पिता कौन है ?
- बलराम कहता है नंद और यशोदा गोरे हैं, लेकिन तुम क्यों काले हो ?
- बलराम की बात सुनकर ग्वाल मित्र चुटकी बजाकर हंसते है ।

56. क्रोधित कृष्ण को यशोदा कैसे शांत करती है ?

- यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?
- माता यशोदा कृष्ण की नाराजगी कैसे दूर करती है ?
- यशोदा कृष्ण को कैसे मनाती है ?
- कृष्ण को किस प्रकार सात्वंना देती है ?

उत्तर : यशोदा कहती है–बलराम तो जन्म से ही, चुगलखोर है ।

- मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मै ही तेरी माता हूँ, और तुम मेरे पुत्र हो ।

## II. प्रथम दो पदों में सूचित के अनुरूप तीसरे पद में संबंधित पद लिखिए ।

1. आधुनिक मानव का गुणगान : अभिनव मनुष्य : : भारत माँ का गुणगान : ____
2. अभिनव मनुष्य : रामधारी सिंह दिनकर : : मातृभूमि : ______
3. मातृभूमि के वन–उपवन : फल फूलों से भरे : : मातृभूमि के खेत : ______
4. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : ______
5. सूर–श्याम : कृष्ण की बाल लीला का वर्णन : : मातृभूमि : ____
6. सेब बेचनेवाला : बेईमान निकला : : रेवडी बेचनेवाला : _______
7. कश्मीरी सेब बेचनेवाला : धोखा – बेईमान : : रेवडी बेचनेवाला : ______
8. ईमानदारों के सम्मेलन में : व्यंग्य रचना : : गिल्लू : ______

9. बसंत की सच्चाई : ईमानदारी की सीख : : गिल्लू : _____
10.पंडित राजकिशोर : मानवीयता की प्रेरणा : : महादेवी वर्मा : ____
11.कौआ : काँव –काँव : : गिल्लू : ______
12.गिल्लू की पूंछ : झब्बेदार : : गिल्लू की आंखे : _____
13.ईमानदारों के सम्मेलन में : व्यंग्य रचना : : मेरा बचपन : ______
14.रोबोट : कहानी : : मेरा बचपन : _______
15.रामानंद शास्त्री : पक्षी लक्ष्मण शास्त्री : : अब्दुल कलाम : ______
16.नौकाएँबनानेवाले : जलालुद्दीन : : अखबारों का वितरण करनेवाला : _____
17.ईमानदारों के सम्मेलन में : व्यंग्य रचना : : बसंत की सच्चाई : _____
18.मजदूरों के नेता : पं राजकिशोर : : गरीब शरणार्थी लडका : _____
19.गिल्लू : प्राणी दया की सीख : : बसंत की सच्चाई : ______
20.रामू : बेईमान : : बसंत : _____
21.भारत माँ का गुणगान : मातृभूमि : : आधुनिक मानव का गुणगान : _____
22.मातृभूमि : भगवतीचरण वर्मा : : अभिनव मनुष्य : _____
23.सूरदास : कृष्ण भक्त कवि : : तुलसीदास : ______
24.संत का स्वभाव : हंस के समान : : मुखिया का स्वभाव : _____
25.देहरी की तुलना : जीभ से : : दीप की तुलना : _____
26.पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : _______
27.जीभ की तुलना : देहरी से : : राम नाम की तुलना : _____
28.वर्चुअल मीटिंग रूम : काल्पनिक सभागार : : इंटरनेट : ______
29.अंतर्जाल : इंटरनेट : : काल्पनिक सभागार : _____
30.वर्चुअलमीटिंग रूम : विचार विनिमय : : ई–गवर्नेंस : _____
31.एच.एम.टी : हिंदुस्थान मशीन टूल्स : : आई.टी : ______
32.हैकिंग : एक अभिशाप : : ई–गवर्नेंस : ____
33.हैकिंग : एक अभिशाप : : इंटरनेट–बैंकिंग : ____
34.ई–गवर्नेंस : प्रशासन का यथावत विवरण : : वीडियो कान्फरेन्स____
35.गिल्लू : रेखाचित्र : : इंटरनेट क्रांति : ____
36.गिल्लू : रेखाचित्र : : इमानदारों के सम्मेलन में : _______
37.बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ______
38.मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : _______
39.तेनजिंग नोर्गे : एवरेस्ट पर चढनेवाला प्रथम पुरूष : : जुंके तबी : _____
40.मेजर : कुमार : : कर्नल : _____
41.गोरे रंग : यशोदा : : काला रंग : _____
42.तुलसीदास : रामभक्त कवि : सूरदास : _____
43.मातृभूमि : प्रकृति का वर्णन : सूर–श्याम : _____

44.बालकृष्ण का रंग : काला : : नंद और यशोदा का रंग : _____
45.भोला–भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : ______
46.कृष्ण को चिढानेवाले : बलराम : : चुटकी देकर हँसनेवाले : ______
47.बिजापुर का गोल गुंबज : वास्तुकला : : बेलूर हलेबीड की मूर्तियाँ :______
48.आई.टी : ईनफारमेशन टेक्नोलजी : : एच.एम.टी : _____
49.आर्ट गैलरी : जगनमोहन राजमहल : : विस्परिंग गैलरी : _____
50.चंदन का आगार : कर्नाटक : : सिलिकान सिटी : _____

## III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए :

1. भारत माता अपने मुक्त हाथों से क्या बाँट रही है ?
2. कवि भारत माता से क्या निवेदन कर रहे है ?
3. कविता के आधार पर भारत के वन–उपवन कैसे है ?
4. कवि के अनुसार भारत के खेत कैसे है ?
5. कवि मातृभूमि को अमरों की जननी क्यों कहते है ?
6. भारत भूमि के अंदर क्या–क्या भरा हुआ है ?
7. प्रेमचंद जी क्यों ललचा उठा ?
8. प्रेमचंद जी को चौक में क्या नजर आया?
9. प्रेमचंद जी चौक में क्यों गये थे ?
10. गाजर को खाने की मेज पर स्थान क्यों मिलने लगा ?
11. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी ?
12. गिल्लू सुराही के पास क्यों लेट जाता था ?
13. गिल्लू गर्मी से बचने के लिए क्या करता था ?
14. दिनकरजी के अनुसार आधुनिक मानव ने किस पर विजय पायी है ?
15. अभिनव मनुष्य कविता के अनुसार परमाणु किसे देखकर कांपते है ?
16. अभिनव मनुष्य कविता का कवि कौन है ?
17. पवन का ताप किसके हुक्म पर चढता–उतरता है ?
18. परमाणु मनुष्य के करों को देखकर क्यों कांपते है ?
19. कविता के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?
20. कविता के अनुसार वर्तमान दुनिया कैसी है ?
21. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?
22. अब्दुल कलाम जी का बचपन कैसे बीता ?
23. रामेश्वरम किस कारण से प्रसिद्ध है ?
24. कलाम और जलालुद्दीन किस विषय पर बात करते थे ?
25. अब्दुल कलाम के पिता कैसे व्यक्ति थे ?
26. पंडित राजकिशोर बसंत की किस बात से प्रभावित हुए ?

27.प्रताप पंडित राजकिशोर के घर क्यों गया था ?
28.बसंत राजकिशोर से बार–बार विनती क्यों कर रहा था ?
29.बसंत का स्वभाव कैसा था ?
30.बसंत और प्रताप किसके घर में रहते थे ?
31.ई–गवर्नेस क्या है ?
32.ई–गवर्नेस से क्या लाभ है ?
33.ई–गवर्नेस से प्रशासन पारदर्शी कैसे बनता है ?
34.इंटरनेट का मतलब क्या है ?
35.पारदर्शी प्रशासन कैसे संभव है ?
36.इंटरनेट बैंकिंग से क्या लाभ है ?
37.ईमानदारों के सम्मेलन में लेखक को क्यों आमंत्रित किया गया ?
38.लेखक पहनने के कपडे सिरहाने दबाकर क्यों सोये ?
39.परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया ?
40.लेखक को स्टेशन पर माली की याद क्यों आयी ?
41.लेखक परसाई जी ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
42.लेखक परसाई जी दूसरे दर्जे में सफर क्यों करना चाहते थे ?
43.लेखक परसाई जी को कहाँ ठहराया गया ?
44.समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?
45.सियारम शरण गुप्त जी के अनुसार बहाने का प्रमुख कारण क्या है ?
46.समय की पहचान कविता मे कवि ने किस पर विश्वास करने को कहा है ?
47.ईश से दिया हुआ अनुपम धन क्या है ?
48.कर्नल खुल्लर ने बधाई देते हुए बछेंद्री से क्य कहा ?
49.एवरेस्ट पर चढनेवली प्रथम भारतीय महिला कौन थी ?
50.बछेंद्री पाल सिलाई का काम क्यों करने लगी ?
51.बलराम कृष्ण को क्या कहकर चिढाता था ?
52.यशोदा किसकी कसम खाती है ?
53.यशोदा और नंद का रंग कैसा था
54.यशोदा गोधन की कसम क्यों खाती है ?
55.बालकृष्ण का रंग कैसा था ?
56.कर्नाटक की पश्चिम दिशा में कौन–सी पर्वतमालाएं शोभायमान है ?
57.कर्नाटक को चंदन का आगार क्यो कहते है ?

# पत्रलेखन( व्यावहारिक पत्र )

1. अपनी अस्वस्थता के कारण बताते हुए चार दिन की  छुटटी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए।
2. गाँव जाने के लिए चार दिनों की छुटटी मांगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को एक पत्र लिखिए।
3. कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक से तीन दिन की छुटटी माँगते हुए एक पत्र लिखिए।
4. बहन की शादी के कारण तीन दिन की छुटटी मंजूर के लिए पत्र लिखिए।
5. अपने भाई की शादी का कारण देते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुटटी पत्र लिखिए।
6. कोई सकारण बताते हुए चार दिन की छुटटी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक पत्र लिखिए।

**प्रेषक,**
**अ.ब.क**
**दसवीं कक्षा,**
**सरकारी प्रौढशाला,**
**बेंगलूरू ।**

**दिनांक : 08/04/2022**
**स्थल : बेंगलूरू**

**सेवा में ,**
**प्राधानाध्यापक जी,**
**सरकारी प्रौढशाला,**
**बेंगलूरू ।**

**आदरणीय महोदय,**

विषय :**तीन दिन की छुटटी माँगते हुए ।**

आपसे सविनय निवेदन है कि दिनांक 08/04/2000 से 10/04/2022 तक अपने भाई / बहन की शादी में भाग लेने के लिए मैसूर जाना है इसलिए कृपया आप इन तीन दिनों की छुटटी देने की कृपा करें ।
धन्यवाद सहित,

**अभिभावक के हस्ताक्षर**

**आपकी आज्ञाकारी छात्र / छात्रा**
अ.ब.क

**प्रेषक,** **दिनांक : 08/04/2022**

**अ.ब.क** **स्थल : बेंगलूरू**

**दसवीं कक्षा,**

**सरकारी प्रौढशाला,**

**बेंगलूरू ।**

**सेवा में ,**

**प्राधानाध्यापक जी,**

**सरकारी प्रौढशाला,**

**बेंगलूरू ।**

**आदरणीय महोदय,**

विषय :चार दिन की छुटटी माँगते हुए ।

आपसे सविनय निवेदन है कि दिनांक 08/04/2000 से 11/04/2022 तक मुझे बुखार आने के कारण अस्पताल जाना है, इसलिए कृपया आप इन चार दिनों की छुटटी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद सहित,

**अभिभावक के हस्ताक्षर** **आपकी आज्ञाकारी छात्र / छात्रा**

अ.ब.क

# प्रेरणार्थकक्रिया

1. **"पढना"** शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है –

   अ) पढाना ब) पढाई इ) पढ ई) पढवाना

2. निम्न शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया के लिए उदाहरण है ।

   अ) सजावट ब) चढाई इ) खेल ई) लिखाना

3. **"चलना"** शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   अ) चाल ब) चलनशील इ) चलवाना ई) चलाना

4. निम्न लिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है ।

   अ) मेल ब) मिलन इ) मिलाना ई) मिलावट

5. इनमें प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है ।

   अ) लिखावट ब) चढाई इ) सुनना ई) बचाना

6. दिए गए शब्दों में प्रेथम प्रेरणार्थक क्रिया का शब्द है ।

   अ) ठहरो ब) चढना इ) घबराहट ई) सिखाना

7. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है ।

   अ) लेखन ब) लिखावट इ) लिखाना ई) लिखाई

8. **"लगना"** शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   अ) लगन ब) लगवाना इ) लगाना ई) लग गया ।

9. निम्नलिखित शब्दों में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है ।

   अ) जगाना ब) जगवाना इ) जग ई) जागना

# लिंग

1. निम्न में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग का नहीं है ?

   अ) मोरनी  ब) नारी  इ) छात्र  ई) युवती

2. निम्न में से पुल्लिंग शब्द है

   अ) छात्रा  ब) दरवाजा  इ) नौकरी  ई) खिडकी

3. इनमें से पुल्लिंग शब्द है ।

   अ) माला  ब) छात्रा  इ) शाला  ई) धाता

4. “ **श्रीमान**”शब्द का स्त्रीलिंग रूप है ।

   अ) कुमारी  ब) युवती  इ) बालिका  ई) श्रीमती

5. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग है ?

   अ) नौकर  ब) बालक  इ) लेखिका  ई) भिकारी

6. निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग है ।

   **अ) कवि  ब) भिकारी  इ) पति  ई) युवती**

7. “ **लेखक** “ का स्त्रीलिंग रूप है ।

   अ) लेखना  ब) कवयित्री  इ) लेखिका  ई) लेखकी

8. “ **आदमी** “ शब्द का अन्य लिंग रूप है ।

   अ) आदत  ब) औरत  इ) बालिका  ई) पुरूष

9. निम्न में से पुल्लिंग शब्द है ।

   अ) मोरनी  ब) गाय  इ) हाथी  ई) भैंस

10. ‘ **बेटा** ‘का अन्य लिंग है ।

    अ) सुत  ब) बेटी  इ) छात्रा  ई) पुत्र

11. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है ।

    अ) हाथी  ब) आदमी  इ) बहन  ई) शेर

12. ‘ **औरत** ‘ शब्द का अन्य लिंग रूप है ।

    अ) युवक  ब) आदमी  इ) महिला  ई) मालिक

13. ‘ **बेटा** ‘ शब्द का स्त्रीलिंग रूप है ।

    अ) बेटी  ब) पोती  इ) सुत  ई) पुत्र

# वचन

1. “ **व्यवस्था** “ शब्द का बहुवचन रूप है ।

   अ) अव्यवस्था ब) व्यवस्थाये इ) व्यवस्थाएँ ई) व्यथाएं

2. “ **गिलहरी** “ शब्द का अन्य वचन है ।

   अ) गिलहरे ब) गिलहरियाँ इ) गिलहरीयां ई) गिलहरा

3. निम्न में बहुवचन शब्द है ।

   अ) कविता ब) आंख इ) नदियाँ ई) लडका

4. निम्न लिखित शब्दों में बहुवचन का उदाहरण है ।

   अ) कहावतब) कहानी इ) किताबें ई) कमरा

5. “ **डिब्बा** “ शब्द का बहुवचन रूप है ।

   अ) डिब्बेयों ब) डिब्बा इ) डिब्बे ई) डिब्बीयाँ

6. “ **बात** “ शब्द का बहुवचन है ।

   अ) बातों ब) बाताएं इ) बातें ई) बाताओं

7. “ **नौका** “ शब्द का अन्य वचन है ।

   अ) नौकाएँ ब) नौकाओं इ) नाव ई) नाविक

8. “ **नीति** “ शब्द का अन्य वचन है ।

   अ) नीतियाँ ब) नीती इ) नीतीयाँ ई) नीतियों

9. निम्न लिखित शब्दों में बहुवचन है ।

   अ) कमरा ब) कपडे इ) आँख ई) दीवार

10. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है ।

    अ) दायरा ब) सडक इ) रीति ई) पुस्तकें

11. निम्नलिखित में से एकवचन है ।

    अ) किताबें ब) जानकारियँ इ) पैसे ई) कमरा

12. “ **लिफाफा** “ शब्द का बहुवचन रूप है ।

    अ) कागज ब) पाकिट इ) लिफाफों ई) लिफाफे

13. निम्नलिखित शब्दों में से ‘बहुवचन’ शब्द है ।

    अ) किताब ब) कहानी इ) कमरे ई) कक्षा

# विलोम शब्द

1. “ **स्थिर** “ का विलोम शब्द ।

अ) अहीर　　ब) अस्थिर　　इ) अधीर　　ई) स्थिरता

2. “ **आशा** “ शब्द का विलोम शब्द है _

अ) निराशा　　ब) तमाशा　　इ) दुराशा　　ई) आशावान

3. “ **औपचारिक** “ शब्द का विलोम शब्द है –

अ) उपचार　　ब) आचार　　इ) अनौपचारिक　　ई) उपकार

4. “ **स्वीकार** “ का विलोम शब्द है –

अ) अस्वीकार　　ब) पुरस्कार　　इ) स्वीकृति　　ई) स्वकार्य

5. “ **आधार** “ का विलोमशब्द है –

अ) अनादर　　ब) अनाधार　　इ) निराधार　　ई) उदार

6. “ **पूर्व** “ शब्द का विलोम शब्द है –

अ) अपूर्व　　ब) पश्चिम　　इ) अंत　　ई) प्रारंभ

7. “ **गरीब** “ शब्द का विलोमार्थक शब्द है–

अ) अमीर　　ब) दरिद्र　　इ) शरीफ　　ई) उदार

8. “ **निकट** “ शब्द का विलोम है ।

अ) ऊपर　　ब) समीप　　इ) बगल　　ई) दूर

9. “ **दिन** “ का विलोमार्थक शब्द है –

अ) सुबह　　ब) रात　　इ) शाम　　ई) दोपहर

10.“ **सजीव** “ का विलोम शब्द है –

अ) जीवित　　ब) निर्जीव　　इ) जीवन　　ई) जीव

11.“ **मजबूत** “ का विलोम शब्द है –

अ) मुलायम　　ब) मजबूर　　इ) कमजोर　　ई) कोमल

12.“ **अमीर** “ का विलोम शब्द है –

अ) धनिक　　ब) श्रमिक　　इ) गरीब　　ई) समृद्ध

13.“ **अच्छाई** “ शब्द का विलोम शब्द है –

अ) बुराई　　ब) भलाई　　इ) अच्छी　　ई) सच्चाई

14.‘ **मुश्किल** ‘ का विलोम शब्द है –

अ) आसान　　ब) आसमान　　इ) कठिन　　ई) मुलायम

15.**‘बेचना’** शब्द का विलोमरूप है–

अ) खरीदना   ब) भेजना   इ) लाना   ई) बचाना

16. **'सदाचार'** का विलोम शब्द है –

अ) निराचार   ब) दुराचार   इ) विचार   ई) समाचार

17. **'सहयोग'** शब्द का विलोम शब्द है –

अ) योग   ब) असहयोग   इ) सुयोग   ई) संयोग

18. **'शिक्षित'** शब्द का विलोम रूप है –

अ) शिक्षा   ब) अशिक्षित   इ)दीक्षा   ई) शिक्षण

## कारक

1. कर्नाटक राज्य___शिल्पकल अनोखी है । इसमें सही कारक चिन्ह होगा ।

अ)को   ब) के इ) से   ई) की

2. "यामा" महादेवी वर्मा___रचना है । सही कारक चिन्ह है ।

अ)का   ब) की   इ) के   ई) कि

3. कर्नाटक___राजधानी बेंगलूर है। उचित कारक चिन्ह भरिए ।

अ)का   ब) के इ)कि   ई) की

4. मनोज___बहन रश्मी है। उचित कारक चिन्ह भरिए ।

अ)का   ब) के इ) कि   ई) की

1. आसमान___तारे चमकते हैं । इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा ।

अ) को   ब) से   इ) में   ई) के लिए

2. आज मनुष्य का यान गगन___जा रहा है । वाक्य में उचित कारक चिन्ह भरिए ।

अ) पर   ब)की   इ) को   ई) में

3. मैं अभी बाजार___भुना लाता हूँ । रिक्त स्थाण में उचित कारक होगा ।

अ) से   ब) को इ) ने   ई) पर

4. 'लोगों___सहानुभूति प्रकट की |'उचित कारक चिन्ह भरिए ।

अ) का   ब) में   इ) ने   ई) पर

5. गाडी आने___देर है । इस वाक्य में उपयुक्त कारक चिन्ह–

अ) का　　ब) के　　इ) से　　ई) में

6. गिल्लू सुराही___लेट जाता था । रिक्त स्थान में उचित कारक होगा–

अ) से　　ब) में　　इ) पर　　ई) को

7. भारत___नारी का स्थान पूजनीय है ।

अ) से　　ब) में　　इ) पर　　ई) ने

8. दशरथ___चार पुत्र थे । इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा–

अ) का　　ब) की इ) में　　ई) के

9. अब्दुल कलामजी का जन्म रामेश्वरम___हुआ । रिक्त स्थान में सही कारक होगा–

अ) से　　ब) की　　इ) में　　ई) का

10.दोस्तों ने सांप___रोका । रिक्त स्थान में सही कारक होगा–

अ) पर　　ब) से　　इ) को　　ई) के लिए

## संधि

1. कौन–सा शब्द गुण संधि का उदाहरण है ?

अ) गायक ब) सहानुभूति इ) अत्यंत　　ई) परोपकार

2. निम्न में संधि का उदाहरण है–

अ) राजेश ब) संग्रहालय इ) नयन　　ई) एकैक

3. दीर्घ संधि का उदाहरण–

अ) सदैव　ब) देवालय　इ) परोपकार　ई) नायक

4. निम्न मे दीर्घ संधि के लिए उदाहरण है–

अ) सदैव　ब) सहानुभूति इ) अत्यंत　　ई) परोपकार

5. इनमें दीर्घ संधि का उदाहरण है–

अ) अत्यंत ब) दिग्गज　इ) संग्रहालय ई) परोपकार

6. निम्न लिखित शब्दों में दीर्घ संधि का उदाहरण है–

अ) महेंद्र　ब) कवींद्र　इ) सदैव　　ई) एकैक

7. इनमें गुण संधि का उदाहरण है–

अ) सदैव　ब) प्रत्येक　इ) सदानंद　ई) परोपकार

8. निम्नलिखित में से दीर्घ संधि का उदाहरण है –

अ) संग्रहालय ब) सदैव　इ) अत्यंत　　ई) परोपकार

9. “ **संग्रहालय**“ शब्द में संधि है–

अ) गुण ब) यण इ) अयादि ई) दीर्घ

10.**"परोपकार"** शब्द में संधि है–

अ) यण ब) गुण इ) दीर्घ ई) वृद्धि

11.इनमें से "गुण संधि" का उदाहरण है–

अ) पुस्तकालय ब) गणेश इ) सदैव ई) पर्यावरण

12.**"सदैव"** शब्द में संधि है–

अ) गुण ब) वृद्धि इ) यण ई) अयादि

13.**"परमौषध"** शब्द में संधि है–

अ) दीर्घ ब) वृद्धि इ) गुण ई) यण

14.निम्न में **"वृद्धिसंधि"**का उदाहरण है–

अ) जलाशय ब) मतैक्य इ) इत्यादि ई) दिग्गज

15.**'अत्यंत'** शब्द में संधि है–

अ) दीर्घ ब) गुण इ) वृद्धि ई) यण

16.**'महोत्सव'** शब्द में संधि है–

अ) दीर्घ ब) गुण इ) वृद्धि ई) यण

17.**"परोपकार"** शब्द में संधि है–

**अ) गुण ब) यण इ) व्यंजन ई) दीर्घ**

18.**'सहानुभूति'** शब्द में संधि है–

अ) दीर्घ ब) यण इ) वृद्धि ई) गुण

## समास

1. **'देश–विदेश'** शब्द में समास है–

अ)कर्मधारय ब) द्वन्द्व इ) तत्पुरूष ई) अव्ययीभाव

2. **"भाई–बहन"**शब्द किस समास का उदाहरण है ?

अ) तत्पुरूष ब) द्वन्द्व इ) द्विगु ई) कर्मधारय

3. **"पाप–पुण्य"** किस समास का उदाहरण है?

अ) कर्मधारय ब) तत्पुरूष इ) अव्ययीभाव ई) द्वन्द्व

4. "पशु–पक्षी" शब्द का समास है–

अ) अव्ययीभाव ब) कर्मधारय इ) द्वन्द्व ई) द्विगु

5. **"राजमहल"** शब्द में समास है–

अ) कर्मधारय ब) द्विगु इ) द्वन्द्व ई) तत्पुरूष

6. **"पंचवटी"** शब्द मे समास है–

अ) कर्मधारय ब) बहुव्रीहि इ) तत्पुरूष ई) द्विगु

7. **"गुरुदक्षिणा"** शब्द में समास है–

अ) तत्पुरूष ब) कर्मधारय इ) बहुव्रीहि ई) द्विगु

8. **"चौमास"** किस समास का उदाहरण है ?

अ) बहुव्रीहि ब) द्विगु इ) कर्मधारय ई) द्वन्द्व

9. **"दाल–रोटी"** शब्द में समास है–

अ) द्वन्द्व ब) तत्पुरूष इ) कर्मधारय ई) बहुव्रीहि

10. **"नवग्रह"** शब्द में समास है–

अ) द्विगु ब) तत्पुरूष इ) अव्यवीभाव ई) बहुव्रीहि

11. इनमें तत्पुरूष समास का उदाहरण है–

अ) त्रिदेव ब) नील कमल इ) राजवंश ई) राजा–रानी

12. **"राजवंश"** शब्द में समास है–

अ) कर्मधारय ब) अव्ययीभाव इ) तत्पुरूष ई) बहुव्रीहि

13. निम्न में **"द्वन्द्व समास"** का उदाहरण है–

अ) दशानन ब) रात–दिनइ) पंचवटि ई) राजवंश

14. निम्न में **"द्वन्द्व समास"** का उदाहरण है–

अ) नील कंठ ब) देसप्रेम इ) पंचवटि ई) दिन–रात

15. निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है–

अ) राजधानी ब) दोपहर इ) श्रद्धा–भक्ति ई) भरपेट

16. निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास है–

अ) राजवंश ब) द्विगु इ) अव्ययीभाव ई) देश–विदेश

17. **'जलधार'** शब्द में समास है–

अ) बहुव्रीहि ब) द्विगु इ) अव्ययीभाव ई) तत्पुरूष

## विराम चिन्ह

1. इंटरनेट से क्या मतलब है ? प्रस्तुत वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

   अ) पूर्ण विराम ब) अल्प विराम इ) विस्मयादि बोधक ई) प्रश्नार्थक

2. क्या आपकी चप्पलें कोई पहन गया ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) अर्ध विराम ब) पूर्ण विराम इ) प्रश्न वाचक ई) विस्मयादि बोधक

3. ‘ ताजमहल कहाँ है ‘ इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिन्ह होगा

अ) प्रश्न वाचक ब) पूर्ण विराम इ) अल्प विराम ई) विस्मयादि बोधक

4. गिल्लू का प्रिय खाद्य काजू था । इस कथन में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) योजक ब) अर्ध विराम इ) पूर्ण विराम ई) अल्प विराम

5. आप कैसे हैं ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह हैं–

अ) प्रश्न वाचक ब) विस्मयादि बोधक इ) अल्प विराम ई) पूर्ण विराम

6. रोको मत, जाने दो । वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) विस्मयादि बोधक ब) प्रश्न वाचक इ) अल्प विराम ई) उद्धरण

7. किताब कहां है इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिन्ह होगा

अ) पूर्ण विराम ब) प्रश्न वाचक इ) अर्ध विराम ई) विस्मयादि बोधक

8. पं राजकिशोर कहाँ रहते है ? वाकय में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) पूर्ण विराम ब) प्रश्न वाचक इ) अल्प विराम ई) उद्धरण

9. हे देव ! आज तुमने मेरी रक्षा की । वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) प्रश्न वाचक ब) विस्मयादि बोधक इ) अल्प विराम ई) अर्ध विराम

10.क्या तुम थक गई हो इस वाक्य के लिए सही विराम चिन्ह है ।

अ) प्रश्न वाचक ब) अल्प विराम इ) विस्मयादि बोधक ई) पूर्ण विराम

11.मोटर उसके ऊपर से निकल गई ! इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) अल्प विराम ब) उद्धरण इ) विस्मयादि बोधक ई) पूर्ण विराम

12.इसके बाद क्या करना पडेगा इस वाक्य के लिए प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) पूर्ण विराम ब) विस्मयादिबोधक इ) प्रश्नवाचक ई) अल्प विराम

13.कहाँ चोट लगी है ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) प्रश्न वाचक ब) विस्मयादि बोधक इ) पूर्ण विराम ई) योजक

14.हाथी भाई, हम लोग मकान बानाना चाहते है । वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–

अ) विस्मयादि बोधक ब) अल्प विराम इ) प्रश्न वाचक ई) कोष्टक

# अपठित गध्य

**गध्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

1. कैलाश तैरना नहीं जानता था । उसके गुरूजी ने उसे तैरने के फायदे बताए । तैरना एक अच्छा व्यायाम है । तैरने से मनुष्य तंदुरूस्त रहता है ।
   उससे अच्छी भूख लगती है । खाना हजम होता है । आज कल लोग पैसा खर्च करके तैरना सीखते है । कैलाश ने बैसाख में तैरना सीखना शुरू किया । तैरने के समान सैर करना भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है । सुबह–सुबह सैर करने से शुद्ध हवा मिलती है ।

   १) कैलाश क्या नहीं जानता था ?
   २) गुरूजी ने उसे क्या बताया ?
   ३) तैरने से क्या लाभ होता है ?
   ४)सुबह सैर करने से क्या मिलती है ?

2. साहित्य दो प्रकार में दिखाई देता है । शिष्ट साहित्य और जनपद साहित्य । ज्ञानी और शास्त्र जिस साहित्य का सृजन करते है । उसे शिष्ट साहित्य कहा जाता है । शिष्ट साहित्य लिखित होता है । जनपद साहित्य अलिखित होता है । इसकी रक्षा मौखिक परंपरा से होती है । ज्यादातर जनपद साहित्य ग्रामों में जन्म लेते हैं ।

   १) साहित्य के दो प्रकार कौन–कौन से हैं ?
   २) शिष्ट साहित्य का सृजन कैसे करतेहै ?
   ३) जनपद साहित्य क्या है ?
   ४)जनपद साहित्य का जन्म कहां हुआ ?

3. कलकत्ते के बोलपुर मे गंगा नदी के पास शांतिनिकेतन की स्थापना करनेवाले रवींद्रनाथ टैगोर थे। शांतिनिकेतन मानो प्रकृति की गोद में है।
वहां पेडों की छाया नें बैठकर विध्यार्थी सभी प्रकार की कलाएं सीखते हैं।
शांतिनिकेतन कला का एक बडा केंद्र है। वहाँ विदोशों से भी बडे–बडे विद्वान आते है ां रवींद्रनाथ को नोबेल पुरस्कार से जो पैसे मिले थे, उन्हें उन्होनें शांतिनिकेतन को दे दिया। अब शांतिनिकेतन का प्रबंध भारत सरकार ने अपने हाथ में लिया है। सरकार उसकी और भी उन्नति कर रही है।

१) साहित्य में नोबेल पुरस्कार पानेवाले कौन थे ?
२) शांतिनिकेतन कहाँ है ?
३) शांतिनिकेतन मे विध्यार्थी क्या सीखते हैं ?
४)अब शांतिनिकेतन का प्रबंध कौन कर रहा है ?

4. परशुराम ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे। एक बार राजा कार्तवीर्य सहस्रबाहु शिकार खेलते हुए जमदग्नि के आश्रम में आए। जमदग्नि के पास कामधेनु थी जो विशेष गाय थी, कहते हैं कि वह सभी कामनाएं पूरी करती थी
कार्तवीर्य सहस्रबाहु ने ऋषि जमदग्नि से कामधेनु गाय की मांग की। ऋषि द्वार मना किए जने पर सहस्रबाहु ने कामधेनु का बलपूर्वक अपहरण किया ? इस पर क्रोधित हो परशुराम ने सहस्रबाहु का वध कर दिया। इस कार्य की ऋषि जमदग्नि न बहुत निंदा की और परशुराम को प्रायश्चित करने को कहा। उधर सहस्रबाहु के पुत्रों ने क्रोध में आकर ऋषि जमदग्नि का वध कर दिया। इस पर पुनः क्रोधित होकर परशुराम ने पृथ्वि को क्षत्रिय विहीन करने की प्रतिज्ञा की।

१) राजा सहस्रबाहु जमदग्नि के आश्रम कैसे आए ?
२) सहस्रबाहु ने कामधेनु गाय की मांग क्यों की ?

३) परशुराम ने सहस्रबाहु का वध क्यों किया ?

४)परशुराम ने क्या प्रतिज्ञा की ?

5. मैं पृथ्वी हूँ । मैं सभी जीव का पालन–पोषण करती हूं । मैं मानव समाज के लिए भोजन, वस्त्र , हवा , पानी , आदि सभी कुछ उपलब्ध कराती हूं ।
मुझे' वसुधा ' भी कहते हैं । आप जानते हैं क्यों ? वसुधा का अर्थ है–धन और वन को धारण करने वाली । मैं रत्नगर्भ हूं । मुझसे ही आपको विविध प्रकार के रत्न , जैसे हीरा–मणिका और खनिज पदार्थ जैसे–लोहा , सोना , चांदी आदि प्राप्त होते हैं । मैं सौरमंडल की प्रमुख सदस्या हूं । वैज्ञानिक कहते हैं कि मैं सूर्य से ही अलग हुई हूं । लगभग दस करोड़ वर्ष पूर्व मैं सूर्य से अलग होकर उसके इर्द–गिर्द घूमने लगी । उस समय तो मैं आग का एक धधकता हुआ गोला थी, गरम गैस और धुंए से भरा एक पिंड
उसी समय मेरा एक टुकडा चंद्रमा बना ।

१. पृथ्वी को रत्नगर्भा क्यों कहते हैं ?

२. वसुधा के टुकडे से क्या बना ?

३. पृथ्वी मानव के लिए क्या उपलब्ध कराती है ?

४.पृथ्वी को 'वसुधा ' क्यों कहते हैं ?

## निबंध लेखन

१. इंटरनेट

- **इंटरनेट – वरदान है या अभिशाप**
- **इंटरनेट से लाभ और हानि**
- **इंटरनेट एक वरदान**
- **इंटरनेट से लाभ**
- **इंटरनेट का महत्व**

अर्थ / प्रस्तावना

क्षेत्र / महत्व

लाभ और हानि

उपसंहार

- **इंटरनेट की उपयोगिता**

## २. मेरा कर्नाटक महान अथवा कर्नाटक का वैभव

- विषय प्रवेश / प्रस्तावना
- प्राकृतिक स्वरूप / परिवेश
- विशेषताएँ
- उपसंहार

## ३. वन महोत्सव

- तात्पर्य / अर्थ / प्रस्तावना / विषय प्रवेश
- महत्व / वृक्षों का उपयोग / वनों से लाभ
- वनों से प्राप्त होनेवाली विभिन्न वस्तुएँ
- वनों के नाश का कारण
- पर्यावरण संरक्षण
- उपसंहार

## ४. स्वच्छ भारत अभियान

- प्रस्तावना / भूमिका
- स्वच्छता का महत्व सफाई का महत्व
- स्वच्छता रखने के उपाय
- अभियान को सफल बनाने में आपके सुझाव
- उपसंहार

## ५. जनसंख्या की समस्या / जनसंख्या की वृद्धि की समस्या – समाधान

- प्रस्तावना / अर्थ / तात्पर्य
- जनसंख्या वृद्धि के कारण / परिणाम
- जनसंख्या नियंत्रण के उपाय
- उपसंहार

# अनुवाद

## गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में लिखिए ।

१. कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है । इसकी राजधानी बेंगलूर है । बेंगलूर शिक्षा का ही नही, बल्कि बडे–बडे उद्योग–धंधों का भी केंद्र है ।
२. ईमानदारों के सम्मेलन के मुख्य अतिथि लेखक हरिशंकर परसाई थे । उन्होंने सम्मेलन का उद्घाटन किया । सम्मेलन का उद्घाटन बडा ही शानदार हुआ ।
३. गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष रहता है । अतः गिल्लू की जीवन–यात्रा का अंत आ ही गया । दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया ।
४. वचनकार बसवण्ण क्रांतिकारी समाज सुधारक थे । अककमहादेवी, अल्लमप्रभु सर्वज्ञ जैसे संतों ने अपने वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।
५. कर्नाटक में चंदन के पेड विपुल मात्रा में हैं इसलिए कर्नाटक को चंदन का आगार कहते हैं । यहाँ चंदन का तेल , साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं ।
६. शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन सौर–मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है । टाइटन हमारे चंद्र से भी काफी बड़ा है । इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।

## पद्य–६

# कोशिश करनेवालों की कभी हार नही होती

कंठस्थ कविता :

असफलता एक चुनौती है , इसे स्वीकार करो ,
क्या कमी रह गई , देखो और सुधार करो ।
जब तक न सफल हो , नींद चैन को त्यागो तुम ,
संघर्ष का मैदान छोडकर मत भागो तुम ।
कुछ किए बिना ही जय–जयकार नही होती ,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नही होती ।

************************